कार्यालय महानिदेशक चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण,उत्तर प्रदेश, छठा तल जवाहर भवन, लखनऊ

संख्या–एम0ई0–1/क/2015/45 लखनऊःदिनांकः 19 जनवरी, 2015

::: विज्ञप्ति :::

इस कार्यालय द्वारा पूर्व निर्गत सेवायोजन विज्ञप्ति संख्या–एम0ई0–1/क/2014/154, दिनांक 15 जनवरी, 2014 एवं शुद्धि पत्र संख्या–एम0ई0–1/क/2014/182, दिनांक 29 जनवरी, 2014 द्वारा राजकीय मेडिकल कालेज, आजमगढ़, कन्नौज, जालौन, अम्बेडकरनगर तथा सहारनपुर में रिक्त स्टाफ नर्स (पुरूष/महिला) के विज्ञापित पदों पर नियुक्ति किये जाने हेतु प्राप्त आवेदन–पत्रों की कम्प्यूटर में दर्ज की गई प्रविष्टियों में किसी प्रकार की मानवीय/यांत्रिक त्रुटि की सम्भावना को समाप्त किये जाने एवं भर्ती की कार्यवाही हेतु शुल्क जमा किये जाने हेतु दिनांक **22 जनवरी, 2015 से 31 जनवरी, 2015** तक की अवधि निर्धारित करते हुये समस्त अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि इस सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी हेतु विभागीय वेबसाइट– **www.updgme.in पर स्टाफ नर्स के चयन सम्बन्धी** लिंक पर जाकर दिये गये निर्देशानुसार शुद्धीकरण आदि की कार्यवाही पूर्ण की जा सकती है।

- **भर्ती प्रकिया में सम्मिलित होने हेतु अनारक्षित एवं अन्य पिछडा वर्ग के अभ्यर्थियों को रू0 1,000/– तथा अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के अभ्यर्थियों को रू0 700/– ऑनलाइन पेमेण्ट करना होगा, जो कि Non Refundable है। विकलांग अभ्यर्थियों हेतु किसी प्रकार का कोई शुल्क देय नहीं है।**
- **भविष्य में इस सम्बन्ध में निर्गत किये जाने वाले अन्य निर्देश यथा लिखित परीक्षा का कार्यकम, परीक्षाफल इत्यादि इस कार्यालय की बेवसाइट www.updgme.in पर ही प्रदर्शित होंगे। इस हेतु पृथक से समाचार–पत्रों में विज्ञापन नहीं दिया जायेगा। अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे इस वेबसाईट का नियमित रूप से अवलोकन करते रहें।**

महानिदेशक